देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 146 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
हमले और दुष्प्रचार



# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 12 सितंबर 2024




मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 25.0°

79924.77

2 ट्रंप पर भारी पड़ गईं कमला हैरिस

7 बद से बदतर हो रही बाबर की फॉर्म

# आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित एक्स्पोमार्ट में सेमीकॉन इंडिया–2024 का शुभारंभ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स्पोमार्ट पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान वे प्रदर्शनी को देखते नजर आए। यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जमीन की भी व्यवस्था की गई है। तीन कंपनियों ने अब तक सेमीकंडक्टर पार्क में अपनी इकाई लगाने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में भाग लेकर यूपी को सेमीकंडक्टर निर्माण का हब बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की इस दिशा में निर्धारित नीति का भी जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग है। हम सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में कई देशों से सहयोग बढ़ा रहा है। हम देश में भी इस पर काम चल रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन पर आज कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। उन्हें डिजिटल इंडिया मिशन के बारे में पढ़ना चाहिए। सेमीकॉन इंडिया 2024 में 26 देशों के 836 एक्जीबिटर और 50 हजार से अधिक विजिटर भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम सेमीकंडक्टर से जुड़े ढांचे पर भी फोकस कर रहे हैं। यह थ्री डायमेंशनल है। इसमें सुधारवादी सरकार, बढ़ता मैन्यूफैक्चिंग बेस, तीसरा उभरता बाजार है। सेमीकंडक्टर का एक ऐसा बाजार जो तकनीक की महत्ता को जानता है। थ्रीडी पावर ऐसा बेस जो कहीं भी मिलना मुश्किल है। भारत के लिए चिप का मतलब केवल टेक्नॉलोजी भर नहीं है। यह करोड़ों उम्मीदों को पूरा करने का माध्यम है। आज भारत चिप का एक बड़ा उपभोक्ता है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। करोना महामारी में जब दुनिया के मजबूत बैंकिंग सिस्टम भी चरमरा गए तो भारत की बैंकिंग व्यवस्था ने शानदार काम किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के युवा आज कुछ अलग करने की चाहत रखते हैं। जो चल रहा है, उसे वैसे ही चलने दिया जाए, ये बातें पुरानी हो चुकी हैं। आज भारत का मंत्र है, चिप की संख्या बढ़ाना, भारत में उत्पादन बढ़ाना।

## इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी ने किया सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन

### विश्व एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहाः पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता अब वैश्विक नीति चर्चा का केंद्र बन गई है। भारत स्वच्छ और हरित ग्रह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हरित ऊर्जा पर अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले जी20 देशों में से पहले थे। ये प्रतिबद्धताएं 2030 के लक्ष्य से 9 साल पहले ही पूरी कर ली गई।



### वैश्विक स्तर पर जाए मेड इन इंडिया लोगो

सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन में वृद्धि को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान भारत में निर्मित चिप्स की संख्या बढ़ाने पर है। सेमीकॉन इंडिया एक ऐसी पहल है, जिसका 360 डिग्री विजन है। यह भारत में चिप्स के समग्र उत्पादन को बढ़ाएगा। हम चाहते हैं कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर मेड इन इंडिया लोगो हो। उन्होंने कहा कि करीब दो साल पहले मोबाइल फोन के 5जी हैंडसेट को रोलआउट किया गया। आज वैश्विक स्तर पर 5जी फोन का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। हम वैश्विक स्तर पर मोबाइल फोन के बड़े उत्पादक और निर्यातक बनकर उभरे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का मंत्र है कि दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावरहाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा, भारत वह सब करने वाला है।

### सीएम योगी ने कहा, तकनीक का विकास जरूरी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया–2024 आयोजन भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। सैंमसंग ने अपनी यूनिट की स्थापना नोएडा में ही किया है। यूपी पहले से ही वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के रूप में स्थापित हो रहा है। छह प्रमुख कंपनियां प्रदेश में स्थापित हैं। तकनीक के विकास से ही समाज को विकास के मार्ग पर लाया जा सकता है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम सेमीकंडक्टर के लिए उचित माहौल बनाना चाहते हैं। पीएम मोदी का विजन टेक्नोलॉजी तक पहुंच को समान बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव से पहले नायब सैनी ने छोड़ी सीएम की गद्दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैबिनेट बैठक बुलाई। मंत्रिमंडल की बैठक में विधानसभा भंग करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा विधानसभा को भंग करने की सिफारिश को अब राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। चूंकि हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार है, इसलिए राज्यपाल इस सिफारिश को स्वीकार कर लेंगे।

### भगोड़े नीरव मोदी पर ईडी का एक और ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल ऑफिस ने पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामले में नीरव मोदी से जुड़े अपराध से अर्जित संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जब्त की गई संपत्तियों में 29.75 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां और बैंक बैलेंस शामिल हैं।

# 20 सीटें और मिलती तो 400 पार वाले जेल में होते

## खरगे ने कहा- आपका कप्तान मजबूत है, डरने की जरूरत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जम्मू–कश्मीर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की। पीएम मोदी का नाम लिए बिना खरगे ने कहा कि यदि हम 20 सीटें और जीत जाते तो 400 पार का नारा लगाने वाले जेल में होते। खरगे ने कहा कि यह लोग ईडी और सीबीआई से हमें डराते हैं, लेकिन इंडी गठबंधन और समर्थक उनसे डरने वाले नहीं हैं। पार्टी समर्थकों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें एक–दूसरे पर आरोप लगाने से बचना चाहिए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा कहती थी 400 पार, 400 पार, आपकी 400 सीटें कहां हैं? वे इस बार 240 पर ही रुक गए। अगर हमारे पास 20 और सीटें होतीं, तो ये सभी लोग जेल में होते और ये वहीं होने के लायक हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे गुस्सा न करें, बल्कि अपने हक के लिए लड़ें। आपका कप्तान मजबूत है, बेखौफ है और आपको किसी से भी डरने की जरूरत नहीं। हम जम्मू–कश्मीर में किसी भी समस्या को हल करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने आगे भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार ने क्षेत्र में कोई विनिर्माण या कारखाने की नौकरियां नहीं लाई हैं। अगर हम सत्ता में आए तो हम उन खाली पदों को भरेंगे। युवाओं को नौकरी मिलेगी। पार्टी उन स्कूलों को शुरू करेगी जो पहले बंद हो गए थे। सभी 4400 सरकारी स्कूल जो बंद हो गए थे, हम उन्हें फिर से शुरू करेंगे।

### घाटी को कांग्रेस और एनसी की जरूरत

खरगे ने कहा कि भाजपा आपको गरीब रखना चाहती है। ये लोग जम्मू–कश्मीर के लोगों को गरीब रखना चाहते हैं, वे सरकारी नौकरियां भी नहीं दे सकते जो अभी खाली हैं और वे यहां कोई बड़ी फैक्टरी भी नहीं लाए। वे कोई विनिर्माण भी नहीं लाए। इसलिए हमें यहां कांग्रेस और एनसी को सत्ता में लाने की जरूरत है। अगर हम सत्ता में आए तो पर्यटन, विनिर्माण और इंटर्नशिप क्षेत्र हमारे फोकस में होंगे।

# जम्मू–कश्मीर के कठुआ में हुआ बड़ा ऑपरेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सेना और पुलिस ने मिलकर एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। कठुआ जिले में आज भारतीय सेना के विशेष बलों और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने एक सफल ऑपरेशन के तहत तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना की 1 पैराशूट बटालियन, 22 गढ़वाल राइफल्स और जम्मू–कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) शामिल है। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की और इस दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। उल्लेखनीय है कि जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जिसकी शुरुआत 18 सितंबर से होगी। सुरक्षा बलों ने चुनाव से पहले क्षेत्र में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

बीते महीने जम्मू और कश्मीर पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे, जिन्हें कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में श्ढोकश (मिट्टी के घरों) में देखा गया था। पुलिस ने उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

**मुठभेड**

■सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को किया ढेर

### पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच किए जारी

व्यापक तलाशी अभियान के बावजूद, पाकिस्तान स्थित जैश–ए–मोहम्मद संगठन से जुड़े कश्मीर टाइगर्स के आतंकवादी अभी तक पकड़ में नहीं आ पाए हैं। वे पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर आए थे। एक्स पर एक पोस्ट में, पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आने वाले दिनों में महंगाई से मिल सकती है थोड़ी राहत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■दाल–चावल के रेट में आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली। आम आदमी को महंगाई से आने वाले दिनों में थोड़ी राहत मिल सकती हैं। क्योंकि देशभर के अन्नदाताओं ने खरीफ की फसलों की जमकर बुवाई की है। बीते वर्ष की तुलना में खरीफ फसलों की कुल बुआई 1092 लाख हेक्टेयर से ज्यादा में हुई है। इसमें धान की बुवाई जबरदस्त इजाफा देखा गया है। पिछले साल इस अवधि के दौरान 393.57 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष 409.50 लाख हेक्टेयर में चावल की खेती की गई है। जबकि इस बार गन्ना की खेती में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने खरीफ सीजन में फसलों की बुवाई का अब तक का आंकड़ा जारी किया है। खरीफ फसलों में धान, श्री अन्न, तिलहन और गन्ना की बुआई सामान्य से अधिक दर्ज की गई है। खरीफ सीजन की कुल फसलों में सर्वाधिक बुवाई धान की गई है। इस वर्ष 409.50 लाख हेक्टेयर में चावल की खेती की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 393.57 लाख हेक्टेयर की तुलना में करीब 16 लाख हेक्टेयर अधिक है।

## न्यूज डायरी



### तालिबान और पाकिस्तानी सेना में छठें दिन भी गरजी तोपें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना और अफगान बॉर्डर गार्ड्स के बीच जारी लड़ाई छठें दिन में प्रवेश कर गई है। नई सुरक्षा चौकियों के निर्माण की वजह से शुरू हुए इस संघर्ष में दोनों देशों के बलों के बीच लगातार गोलीबारी हुई है। अफगानिस्तान के खोस्त जिले में जजई मैदान के पास डूरंड रेखा पर दोनों देशों के बल आमने–सामने हैं। जजई मैदान के निवासी लगातार संघर्ष को समाप्त करने की अपील कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रुक–रुक कर हो रही गोलीबारी की आवाजें इलाके में लोगों के अंदर दहशत पैदा कर रही हैं। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह से दोनों देशों के बल सीधे तौर पर संघर्ष में आए हैं, उससे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों पर खराब असर हो सकता है।

जजई मैदान, खोस्त के रहने वाले इनायतुल्ला ने कहा कि दोनों पक्षों से हमारा अनुरोध राजनयिक माध्यमों और अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों के जरिए सीमा मुद्दों को हल करने का है। इसी इलाके में रहने वाले हेलमंद खान ने बताया है कि जब लड़ाई शुरू हुई तो हमने सोचा कि यह कोई छिटपुट झड़प है लेकिन होगी लेकिन हमें अंदाजा नहीं था कि ये इतनी लंबी हो जाएगी। इस गोलीबारी की वजह से सीमा पर रहने वाले लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान और पाकिस्तान की सरकार के बीच रिश्ते बीते कुछ समय से अच्छे नहीं रहे हैं।

### भारत के खिलाफ जहर उगलने वाली इल्हान उमर जिससे मिले राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे लोकसभा में वपिक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की विवादित मुस्लिम सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस मुलाकात पर सोशल मीडिया में सवाल उठाए जा रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कट्टर समर्थक इल्हान उमर अपने भारत विरोधी रुख के लिए जानी जाती हैं। यही वही इल्हान उमर हैं जो भारत के विरोध के बाद भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के दौरे पर गई थीं। पीओके में उन्होंने भारत के खिलाफ बयानबाजी की थी। यही नहीं इल्हान उमर हिंदूफोबिया को लेकर भी अक्सर विवादित बयान देती रहती हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के सांसदों के दल के साथ वॉशिंगटन में रायबर्न हाउस में मुलाकात की। इस दौरान इल्हान उमर भी मौजूद थीं। यह वही इल्हान उमर हैं जिन्होंने पीएम मोदी के अमेरिकी संसद को संबोधित किए जाने वाले सत्र का बहिष्कार किया था। पीएम मोदी आधिकारिक दौरे पर अमेरिका पहुंचे थे। इल्हान ने कहा था कि उन्होंने पीएम मोदी के भाषण का इसलिए बहिष्कार किया था, क्योंकि भारत सरकार के धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार और हिंदू राष्ट्रवादी गुटों को कथित समर्थन देने की वजह से ऐसा कर रही हैं। राहुल गांधी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी से लेकर आरएसएस तक पर तीखा हमला बोला है।

### पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले मालदीव के मंत्रियों का इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के चीन परस्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने मंगलवार को बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दो मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। मोहम्मद मुइज्जू ने इसी साल जनवरी में पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले अपने तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया था। मंत्रियों के इस्तीफे की जानकारी ऐसे समय में आई है, जब बीजिंग के पाले में जाकर बैठे मुइज्जू एक बार फिर से नई दिल्ली के साथ रिश्तों को बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी सिलसिले में उनका जल्द भारत आने का कार्यक्रम है। मालदीव सरकार की प्रवक्ता ने हीना वलीद ने कहा है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बहुत जल्द ही भारत की आधिकारिक यात्रा पर आने वाले हैं। मालदीव के राष्ट्रपति आमतौर पर पदभार संभालने के तुरंत बाद भारत की आधिकारिक यात्रा करते थे, लेकिन चीन से दोस्ती रखने वाले मुइज्जू ने अभी तक भारत की आधिकारिक यात्रा नहीं की है। संभावित यात्रा के बारे में वलीद ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, ऐसी यात्राएं दोनों देशों के नेताओं के लिए अधिकतम सुविधाजनक समय के लिए निर्धारित की जाती हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ गईं भारतीय कमला हैरिस

**प्रेसिडेंशियल डिबेट**

## अमेरिका में इस साल नवंबर में होगा चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक कैंडिडेट भारतीय मूल की कमला हैरिस रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ती दिख रही हैं। प्रेसीडेंशियल स्पीच में हैरिस ने गर्भपात के मुद्दे, ट्रंप की सेहत और उनके मुकदमों का हवाला देते हुए तगड़ा हमला बोला। कमला हैरिस के आक्रामक रुख ने ट्रंप को रक्षात्मक स्थिति में आने पर विवश कर दिया, जो अभी तक काफी हमलावर रुख अपनाते रहे हैं। बहस के दौरान 59 साल की हैरिस के सवालों पर 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बार–बार परेशान होते दिखे। इस दौरान उनकी झुंझलाहट भी साफ दिखी। इसका असर ये हुआ कि पोल में भी हैरिस को बढ़त मिल गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, कमला हैरिस ने ट्रंप की भाषण शैली पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी रैलियों से लोग थकान और ऊब के चलते जल्दी उठकर चले जाते हैं। दोनों उम्मीदवारों के बीच इमिग्रेशन, विदेश नीति और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर भी जमकर टकराव हुआ। हैरिस ने बहस के दौरान ट्रंप को काफी हद तक परेशान करने में सफलता प्राप्त की, जिसने उनके सहयोगियों को खुश कर दिया है। बहस के बाद कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने भी माना है कि ट्रंप रक्षात्मक हो गए थे। ट्रंप के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस के लिए चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम कर चुके मार्क शॉर्ट कहते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के पास अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर बाइडन–हैरिस को घेरने का मौका था। उन्होंने इस अवसर खो दिया। वह उलटा कमला हैरिस के जाल में फंस गए। ऑनलाइन भविष्यवाणी बाजार प्रेडिक्टइट ने भी बहस के दौरान ट्रंप की जीत की संभावना को 52 से घटकर 47 फीसदी होते हुए दिखाया। दूसरी ओर हैरिस की संभावना 53 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई।

ट्रंप ने हालिया समय में हैरिस पर कई नस्लवादी हमले किए थे। बहस के शुरुआती क्षणों के दौरान काफी हद तक वह उस पैटर्न से बचते रहे लेकिन हैरिस के आक्रामक होने के बाद वह भी गुस्से में दिखे। ट्रंप ने हैरिस के नस्ल पर कहा कि मुझे लगता है कि यह एक त्रासदी है कि हमारे पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो राष्ट्रपति बनना चाहता है लेकिन उसने अपनी पहचान बताकर लोगों को बांटने की कोशिश की है। ट्रंप ने बहस के दौरान ये भी दोहराया कि उनकी 2020 की चुनावी हार ध ोखाधड़ी के कारण हुई थी। हैरिस ने गर्भपात लिमिट पर एक ट्रंप पर कड़ा हमला किया। उन्होंने ट्रंप पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि ट्रंप गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करेंगे। ट्रंप ने इस दौरान कहा कि हैरिस और डेमोक्रेट शिशुहत्या का समर्थन करते है।

## नमाज से 5 मिनट पहले हिंदू बंद करें पूजा और लाउडस्पीकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में गृह मंत्रालय ने तालिबानी फरमान जारी किया है। मंगलवार 10 सितम्बर को जारी बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के आदेश में दुर्गा पूजा से पहले देश के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निर्देशित किया गया है। इसमें पूजा समितियों को अजान और नमाज से पांच मिनट पहले दुर्गा पूजा से जुड़े अनुष्ठान और साउंड सिस्टम बंद करने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश से हिंदू समुदाय में आक्रोश है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के आदेश की तुलना लोग तालिबानी फरमान से कर रहे हैं। इस फैसले का विरोध भी किया जा रहा है। बांग्लादेश की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रि) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने मंगलवार को सचिवालय में बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद के नेताओं से मुलाकात की थी। बैठक के बाद गृह मामलों के सलाहकार ने दुर्गा पूजा से पहले कानून और व्यवस्था के मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कॉन्फ्रेंस के दौरान चौधरी ने कहा कि पूजा समितियों को अजान और नमाज से पांच मिनट पहले और उसके दौरान संगीत वाद्ययंत्र और साउंड सिस्टम बंद रखने के लिए कहा गया है। बांग्लादेश सरकार के इस फैसले के तीखी आलोचना हो रही है।



कनाडा बॉर्डर पर हजारों की तादाद में जमा हैं भारतीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। अमेरिका में कनाडा के रास्ते से गैरकानूनी तरीके से एंट्री करने वाले भारतीयों की संख्या में हालिया समय में बढ़ोत्तरी हुई है। खासतौर से उत्तरी अमेरिकी बॉर्डर पर ऐसे भारतीय प्रवासियों की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है, जो कनाडा से अमेरिका में एंट्री ले रहे हैं। एनपीआर डॉट ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत से आए अप्रवासियों के समूह कनाडा की सीमा के पास क्लिंटन काउंटी में पहुंच रहे हैं। यहां उनको दूसरे लोग मिल जाते हैं और प्रवासियों को दक्षिण से न्यूयॉर्क शहर तक टैक्सियों के जरिए ले जाते हैं। इससे क्षेत्र में एक तरह की अलग अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है, जो पिछले डेढ़ साल में उत्तरी सीमा पर अनाधिकृत क्रॉसिंग की वजह से उभरी है और काफी फल–फूल रही है।

# ग्लोबल हुई बदनाम प्राइवेट सुरक्षा एजेंसिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। इसी साल अगस्त में बजट की कमी के चलते इडाहो के कैलडवेल स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने स्थानीय पुलिस विभाग के साथ अपना 2,96,807 डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। उन्होंने ईगल आई सिक्योरिटी के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया। ये दिखाता है कि प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री वैश्विक बाजार में तेजी से फैल रही है। दरअसल हाल के समय में कई ऐसी कंपनियों ने दुनियाभर में अनुबंध किए हैं, जिन पर कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। इसके बावजूद निजी सुरक्षा कंपनियां गैर–युद्ध सेटिंग्स में तेजी से विस्तार कर रही हैं। रूसी वैगनर और अमेरिकी ब्लैक वॉटर जैसी कंपनियां कई आरोपों के बावजूद

### अरबों की कमाई से हो रही हैं मालामाल

दुनिया में खूब काम कर रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग करते हुए पीएससी के सशस्त्र गार्ड तेजी से दुनियाभर में आम होते जा रहे हैं। 2021 में अमेरिका में सुरक्षा गार्डों की संख्या पुलिस से ज्यादा थी। पुलिस बलों के विपरीत पीएससी अनुबंध के तहत काम करते हैं। अक्सर विवादास्पद इतिहास वाले कई पूर्व पुलिस अधिकारी निजी सुरक्षा कंपनियों में नौकरी पाते हैं क्योंकि वहां आसानी से एंट्री मिल जाती है।

शहरीकरण के बढ़ने के बाद पहली बार 1829 में पहली आधुनिक पुलिस बल, लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस का गठन किया। इस मॉडल को 1838 में बोस्टन ने अपनाया और 1880 के दशक तक लगभग सभी अमेरिकी शहरों में फैल गया। सार्वजनिक पुलिस बलों का उदय आधुनिक निजी सुरक्षा उद्योग के जन्म के साथ हुआ। 1850 में अमेरिका में स्थापित, पिंकर्टन नेशनल डिटेक्टिव एजेंसी को पहली आधुनिक पीएससी माना जाता है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिकी आवासीय समुदायों में पीएससी की मांग बढ़ी। 1960 और 1970 के दशक में नस्लीय रूप से रंगे नागरिक अशांति ने इसे और भी तेज कर दिया। मौजूदा समय में निजी सुरक्षा की वैश्विक उपस्थिति है, जो बाउंसर और अंगरक्षकों से लेकर भीड़ नियंत्रण इकाइयों और विशेष सशस्त्र टीमों तक की सेवाएँ प्रदान करती है।

### हम तैयार, लेकिन पहले बातचीत तो करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं होने का दावा करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी एवं यदि वे सलाह चाहते हैं, तो भारत सलाह देने का सदैव इच्छुक है। जयशंकर ने यहां जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। एक दिन पहले उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी में जीसीसी के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ श्सार्थक वार्ताश की थी। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता है कि इस संघर्ष का युद्ध के मैदान में कोई हल निकलने वाला है। कहीं न कहीं, कुछ बातचीत तो होगी ही। जब कोई बातचीत होगी, तो मुख्य पक्षों – रूस और यूक्रेन – को उस बातचीत में शामिल होना ही होगा।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# यात्रा मार्ग पर डेंजर जोन हेलमेट पहनकर पार करेंगे श्रद्धालु

बैठक

## यात्रा मार्ग पर और पुख्ता होंगें श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम और अधिक पुख्ता होंगे। यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के बीच स्लाइडिंग एवं डेंजर जोन में अब यात्रियों को हेलमेट पहन कर रास्ते पार करवाए जाएंगे। ऐसे स्थानों पर यात्रियों को सचेत करने एवं सतर्कता की जानकारी देने को अनाउंसमेंट सिस्टम एवं अलर्ट लाइट्स का भी सहारा लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में गढ़वाल कमिश्नर/सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय, आपदा सचिव विनोद सुमन ने बुधवार को श्री केदारनाथ यात्रा एवं आपदा संबंधित बैठक लेने केदार घाटी पहुंचे। शेरसी में बैठक के दौरान उन्होंने मानसून सीजन के बाद शुरू हुई दूसरे चरण की यात्रा एवं 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते हुई क्षति के बाद हुए पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद



सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र एवं पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार से सड़क एवं पैदल यात्रा मार्ग की पुनर्स्थापना के लिए किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट लेते हुए। इस वर्ष की शेष यात्रा काल के लिहाज से अनिवार्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में मास्क एवं हैलोजन लाईट लगवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारी बारिश के चलते बार बार भूस्खलन यात्रा मार्ग पर हो रहा है ऐसे में मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि केदारनाथ यात्रा सुगम एवं सुरक्षित हो इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करें।

आपदा सचिव विनोद सुमन ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा सुरक्षा के साथ सुचारू रखने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। अब तक करीब 30 करोड़ रुपए मुआवजा एवं पुनर्स्थापना कार्यों के लिए मुख्यमंत्री स्वीकृत कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सड़क एवं पैदल मार्गों पर हुई क्षति की पुनर्स्थापना गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तेजी से करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी संभव प्रयास किया जा रहे हैं पैदल यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग, जंगलचट्टी, रामबाड़ा, भीमबली सहित अन्य डेंजर जोन में यात्रियों को अब सुरक्षा हेलमेट पहन कर यात्रा करवाई जाएगी। वहीं यात्रा मार्ग पर अनाउंसमेंट सिस्टम एवं अलर्ट लाइट्स भी लगाने की तैयारी है। जिससे मौसम, भूस्खलन सहित यात्रा संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी यात्रियों को समय पर उपलब्ध करवाई जा सकें। यात्रा मार्ग पर पुनर्स्थापना कार्यों की मॉनिटरिंग एवं सुझावों के लिए मा. मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त कर्नल अजय कोठियाल ने सुझाव दिया कि कुंड में प्रस्तावित नए पुल निर्माण में सेना की सहायता ली जाए।

## न्यूज डायरी

### क्षेत्र पंचायत ऊखीमठ की आगामी बैठक 21 सितंबर को

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। क्षेत्र पंचायत ऊखीमठ की आगामी बैठक 21 सितंबर (शनिवार) को ब्लाक प्रमुख श्रीमती श्वेता पांडेय की अध्यक्षता में विकास खंड सभागार में आयोजित होगी। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही व प्रगति की समीक्षा सहित विभागवार योजनाओं पर आवश्यक विचार–विमर्श एवं चर्चा की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह ने अवगत कराया है कि क्षेत्र पंचायत ऊखीमठ की आगामी बैठक 21 सितंबर को ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास खंड सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से उक्त आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है। साथ ही सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होने की अपील की है।

### 9 सितंबर को घटित दुर्घटना की मजिस्ट्रीयजल जांच करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग के चीरबासा स्थान से पत्थर व मलवा आने के कारण 03 यात्रियों की मृत्यु व 05 यात्रियों के घायल होने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने उप जिला मजिस्ट्रेट ऊखीमठ को उक्त घटना की मजिस्ट्रीयजल जांच करने के निर्देश दिए हैं।
अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि 31 जुलाई को प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान के दृष्टिगत पैदल ट्रैक रूट पर आसन्न खतरे वाले स्थानों पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की तैनाती करते हुए अत्यधिक वर्षा के समय एवं रात्रि के समय यात्रियों की सुरक्षा हेतु निर्देश दिए गए थे।

### लीड ग्रुप की टेकबुक भारत में छात्रों की पढ़ाई में बदलाव लाने के लिए है तैयार

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने आज टेकबुक लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे पारंपरिक पाठ्यपुस्तक–आधारित शिक्षा में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार किया गया इंटेलीजेंट बुक है। टेकबुक आज स्कूली छात्रों की पठन–पाठन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए तीन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और एनसीएफ के अनुकूल पाठ्यक्रम लेकर आया है। लीड ग्रुप के सह–संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुमीत मेहता ने कहा, सदियों से, पाठ्यपुस्तकों की कक्षा में पढ़ाई के लिहाज से महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि एआई और एआरव्हीआर ने दुनिया भर में उद्योगों में व्यक्तिगत जरूरत के अनुरूप मल्टी–मॉडल और गेमीफाइड अनुभवों की ओर बढ़ने में मदद की है।

# शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण के दिए निर्देश

## डीएम ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कोई भी शिकायत किसी भी स्तर पर अनावश्यक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम लोगों की सुविधा और जरूरतमंदों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए है। इसमें विभागों से संबंधित जो भी शिकायतें दर्ज होती है, उनका एक सप्ताह में समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को भी उससे अवगत कराएं।

इस दौरान विभागीय स्तर पर 15 दिन से लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई और शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर सबसे अधिक 51 शिकायत लोक निर्माण विभाग के स्तर पर दर्ज है। जबकि पेयजल की 42, शिक्षा की 27, वन विभाग की 25, सिंचाई 22, विद्युत विभाग के स्तर पर 14 शिकायत दर्ज है। जिनका निराकरण किया जाना है। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## विकासखण्ड मोरी के डांडा गांव में जंगली सुअरों का आंतक

**संवाददाता** पुरोला। विकासखण्ड मोरी के डांडा गांव में आजकल जंगली सुअरों ने ग्रामीणों की खड़ी धान,मंडुवा,दाले, चौलाई आलू की फसल को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे काश्तकारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से फसल का उचित मुआवजा देने की मांग की। डांडा गांव के विभिन्न तौको में आज कल फसल तैयार है जिन पर जंगली सुअरों ने झुंडो के साथ बस्ती में आकर फसलों को रौंद रहे हैं। ग्रामीण बृजमोहन चौहान ने बताया कि एक सप्ताह से लगातार जंगली सुअरों ने डांडा गांव के विभिन्न तोको में धान की तैयार फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया है जिससे ग्रामीणों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है उन्होंने वन विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों से कासतकारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# मानवाधिकार आयोग ने 21 परिवादों की सुनवाई कर 2 किया निस्तारण

**संवाददाता।**

■चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग के परिवादों की गोपेश्वर में हो रही सुनवाई

चमोली। मानवाधिकार आयोग की ओर जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में बुधवार को दो दिवसीय मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई शुरु हो गई है। बुधवार को पहले दिन चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग के परिवादों की सुनवाई की गई। इस दौरान 2 परिवादों का पूर्ण निस्तारण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया।

चमोली जिला पंचायत सभागार में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित दो दिवसीय मानवाधिकार संरक्षण एंव सुशासन के संवेदीकरण और परिवादों की सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित करना आवश्यक है। समाज में सभी की जिम्मेदारी है कि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों के हनन की जानकारी होने पर उसे उचित मंच पर रख निस्तारित किया जाए। बुधवार को आयोजित सुनवाई के दौरान 21 परिवादों की सुनवाई करते हुए 2 परिवादों को निस्तारण किया गया। जबकि सुनवाई के दौरान 5 परिवाद पंजीकृत किए गए। गुरुवार को चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग जनपद के 36 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। दूसरी ओर इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गोष्ठी आयोजित कर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आशा कार्यकर्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

इस मौके पर न्यायमूर्ति बीके बिष्ट, मानवाधिकार आयोग के सदस्य गिरधर सिंह धर्मसत्तू व राम सिंह मीणा, सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी, निबधक विधि बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार, अनु सेवक राजेंद्र सिंह झिक्वांण, अपर जिलाधिकारी विवके प्रकाश, उपजिलाधिकारी चमोली राजकुमार पांडे, पुलिस उपधीक्षक प्रमोद शाह, जिला बार संघ अध्यक्ष भरत सिंह राणा, अधिवक्ता समीर बहुगुणा, रैजा चौधरी, झानेंद्र खंतवाल आदि मौजूद थे।

### प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्परिसीमन हेतु प्रस्तावों की होगी तैयारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पुनः परिसीमन उन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों में किया जाएगा जहां पर नई नगर पंचायत गठित होने अथवा ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के कारण क्षेत्र पंचायत अथवा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र प्रभावित हुए हों। ऐसे क्षेत्र के संबंध में किसी भी तरह की आपत्तियों के निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में 04 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति द्वारा प्रत्येक आपत्ति पर सम्यक विचारोपरांत एक स्पष्ट आदेश पारित करते हुए उसका निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में निर्धारित समय सारणी के अनुसार 13 सितंबर से 17 सितंबर तक क्षेत्र पंचायतजिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्परिसीमन हेतु प्रस्तावों की तैयारी की जाएगी।

जो लोग गिरने से डरते हैं वह कभी भी जीवन में उड़ान नहीं भर सकते। -अज्ञात



विचार-प्रवाह देहरादून, गुरूवार, 12 सितंबर 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# हमले और दुष्प्रचार

**बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आईं, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था।**

अनुज श्रीवास्तव।।

बांग्लादेश में मची उथल–पुथल का कुछ प्रभाव भारत पर पड़ना अस्वाभाविक नहीं माना जाएगा, लेकिन इस प्रभाव के चलते यहां भी कुछ इलाकों में लोगों पर भीड़ के हमले होने लगें, यह बात स्वाभाविक नहीं कही जाएगी। बांग्लादेश में हो रहे हमलों की चौतरफा निंदा हो रही है। वहां की अंतरिम सरकार को जल्द से जल्द हालात काबू में करने की जरूरत है।

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आईं, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था। कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुराने विडियो और फेक तस्वीरों के जरिए हमलों की बातें बढ़ा–चढ़ाकर फैलाई जा रही हैं। मगर इसमें दो राय नहीं कि वहां हमले हुए, जिन पर काबू पाने की कोशिश वहां का प्रशासन कर रहा है।



जब भी कोई समाज या देश किसी बड़े बदलाव या अनिश्चितता से गुजरता है, तो असामाजिक तत्व उस स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस बीच ओडिशा के कुछ जिलों में बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाने की खबरें चिंताजनक हैं। हालांकि हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन कई ऐसे विडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग बांग्ला भाषियों को बांग्लादेशी कहते हुए उन्हें परेशान करते देखे गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से बात करके इन घटनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध भी किया है।

यह समझना होगा कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है, जहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। उसे ठीक रखने का काम वहां की सरकार और प्रशासन का है। लेकिन उसे मुद्दा बनाकर देश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोई भी जानी–अनजानी कोशिश खतरनाक हो सकती है।

पश्चिम बंगाल के लोग देश के अलग–अलग हिस्सों में रहते हैं। बांग्ला बोलने वालों के खिलाफ इस तरह की कोई भी मुहिम उनके मन में असुरक्षा की भावना बढ़ा सकती है। अगर किसी इलाके में अवैध बांग्लादेशी भी रहते हों तो उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का अधिकार और दायित्व प्रशासन का है। अगर असामाजिक तत्वों का कोई हिस्सा अपनी तरफ से ऐसी कोशिश करता है तो उसे तत्काल और सख्ती से रोका जाना चाहिए।

## कावड़ यात्रा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** महाकाल के भक्तों में कावड़ यात्रा का विशेष महत्व हैद्य हर साल श्रावण मास में, असंख्य कांवडिये धार्मिक स्थलों से, गंगा जल से भरी कांवड़ लेकर, पदयात्रा करके अपने गांव वापस लौटते हैं। इसी सफर को कावड़ यात्रा बोला जाता हैद्य ऐसे ही महाकाल के एक भक्त, भोलाराम ने सावन माह के प्रथम सप्ताह, हरिद्वार से जल लेकर बाबा विश्वनाथ वाराणसी की तरफ, पैदल यात्रा प्रारंभ करने का प्रण किया। यह कावड़ यात्रा आज तक की सबसे लंबी दूरी की यात्रा बनने वाली थी। भोलाराम के इस ऐलान से, आस पास के गाँव में खलबली मच गई, क्योंकि भोलाराम शारीरिक तौर पर ज्यादा मजबूत नहीं था, लेकिन फिर भी उसने इतना बड़ा संकल्प कर लिया था कि, जहाँ बड़े बड़े भक्त घुटने टेक दें।

## संपादकीय

### कथनी–करनी का फर्क

संसद में अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी की जाति का सवाल उठाने पर उठे राजनीतिक बवाल के बीच कुछ सवाल भी बनते हैं। सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी या अखिलेश यादव ने कभी किसी की जाति नहीं पूछी? अपनी भारत यात्रा के दौरान ही राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे तो वहां एक रिपोर्टर ने उनसे कुछ असहज सा सवाल पूछ लिया, जिस पर उन्होंने उससे जाति पूछ ली थी। इसी तरह अखिलेश यादव से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिछले ही साल लखनऊ में एक रिपोर्टर ने असहज सा सवाल पूछ लिया था, तो उन्होंने भी उस रिपोर्टर को जाति पूछकर जलील किया था। सार्वजनिक जीवन बिताने वालों से उम्मीद की जाती है कि वह दूसरों से जैसे व्यवहार की अपेक्षा करते हैं, वैसा ही व्यवहार खुद भी करें। अखिलेश हों या कांग्रेस, उनकी प्रतिक्रियाओं से उनकी चिढ़ दिख रही है। इसे राजनीति में कथनी और करनी के अंतर का एक अच्छा उदाहरण माना जा सकता है।


चारों वैचारिकी के आधार पर देखें तो सामाजिक रूप से जाति टूटती नजर आ रही है, लेकिन जैसे-जैसे आरक्षण की राजनीति आंबेडकर की बुनियादी सोच से आगे बढ़ने लगी, राजनीतिक रूप से जातियां अपने-अपने दायरे में और मजबूत होती गईं।

# वोट बैंक का असर

उमेश चतुर्वेदी।।

भारतीय राजनीति और समाज में जाति बहुत पेचीदा मुद्दा रहा है। जाति व्यवस्था को सामाजिक कोढ़ बताने वालों का मानना था कि विकास और आधुनिकता के आने से जाति व्यवस्था अपने आप टूटती जाएगी। गांधी मानते थे कि अछूतोद्धार के जरिए समाज में बराबरी का संदेश जाएगा। उन्होंने इसकी कोशिश भी की। दूसरी तरफ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर मानते थे कि सामाजिक विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों को आरक्षण देकर पहले सबल बनाया जाना चाहिए। वह तबका सबल होगा तो जाति व्यवस्था में बराबरी का भाव आएगा। लोहिया सोचते थे कि पिछड़ों को आर्थिक रूप से ताकतवर बनाकर आगे लाया जाए तो सामाजिक समानता का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही सोच दीनदयाल उपाध्याय की भी रही। लेकिन बहुजन आंदोलन के अगुआ कांशीराम की मान्यता रही कि पिछड़ों और दलितों को सत्ता मिले तभी जाति टूटेगी।

चारों वैचारिकी के आधार पर देखें तो सामाजिक रूप से जाति टूटती नजर आ रही है, लेकिन जैसे–जैसे आरक्षण की राजनीति आंबेडकर की बुनियादी सोच से आगे बढ़ने लगी, राजनीतिक रूप से जातियां अपने–अपने दायरे में और मजबूत होती गईं। 'जिसकी



जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' की सोच बढ़ने लगी। इसलिए हर जाति नए सिरे से गोलबंद होने लगी। अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने और बढ़ाने के लिए ये जातियां अपने किले को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत करने लगीं। वोट बैंक की राजनीति ने इस प्रक्रिया को बढ़ावा दिया।

सत्ता के लिए बहुमत हासिल करने के लक्ष्य को लेकर लगातार सक्रिय राजनीति ने जातीय समूहों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में उनकी मांगों को उछालना शुरू किया। हर राजनीतिक समूह अपने हिसाब से अपनी समर्थक जातियों की राजनीतिक मांगों को जायज ठहराने लगा। इस पूरी प्रक्रिया में सामाजिक रूप से जाति को तोड़ने की सोच पीछे छूटती चली गई। दिलचस्प यह है कि जब कोई जातीय समूह किसी खास राजनीतिक ताकत का साथ छोड़ने लगा तो उसके हक और अधिकारों की मांग उस राजनीतिक ताकत के लिए गौण होने लगी। पूरी भारतीय राजनीति इसी प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ रही है।

भारतीय संविधान में दलितों और आदिवासी समूहों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करते वक्त आंबेडकर ने इसे अनंतकाल तक चलाने से चेताया था। संविधान में शुरुआती दस साल के लिए ही आरक्षण की व्यवस्था रखी गई थी। लेकिन जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था ना सिर्फ आंबेडकर की सोच से आगे निकल गई है, बल्कि वह अनंतकाल तक चलते रहने के लिए अभिशप्त है। जाति जनगणना की मांग राजनीतिक समूहों द्वारा जातीय समूहों को यह यकीन दिलाने की कोशिश है कि वे उनके लक्ष्य के साथ खड़े हैं। चाहे गांधी रहे हों या आंबेडकर या फिर लोहिया, उनके विचारों और सिद्धांतों का बुनियादी मकसद सत्ता की राजनीति नहीं, सामाजिक समानता के जरिए भारतीय समाज का निर्माण था। लेकिन उनके नाम पर राजनीति करने वाले आधुनिक समूहों के साथ यह बात नहीं दिखती। समाजवादी धारा की मौजूदा राजनीति की प्रभावी ताकतों के पास भारतीय समाज बनाने का कोई ठोस सामाजिक कार्यक्रम नहीं है। उनमें जातीय उन्माद बढ़ाने और फैलाने का भाव ज्यादा नजर आता है। कांग्रेस की राजनीति अतीत में ऐसी अतिवादी नहीं रही है, लेकिन अब उसकी भी राजनीति उसी राह पर चल रही है।

### सूडोकू नवताल-5407

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5406 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

अपना ब्लॉग

## सवर्णों में भी दोयम

**मोहन।** गौर करने की बात है कि जिन सवर्ण जातियों के खिलाफ बाकी जातियों को गुस्से से भरने में ये शक्तियां मशगूल हैं, उन्हीं जातीय समूहों में कुछ ऐसी जातियां भी हैं, जिनकी दोयम हैसियत रही है। उदाहरण के लिए, ब्राह्मणों में महाब्राह्मण और शाकद्वीपीय समुदाय को लिया जा सकता है, जिनसे सामान्य ब्राह्मण समाज भी परहेज करता रहा है। क्षत्रिय और बनिया के बीच भी ऐसी कई छोटे समुदाय हैं, जो मौजूदा जातीय विमर्श में पिछड़े नजर आते हैं। लेकिन इस राजनीति को इस ओर ध्यान देने की फुरसत नहीं है। बेहतर होता कि यह राजनीति इस नजरिए से भी सोचती। सच तो यह है कि जब भी जाति व्यवस्था कुछ कमजोर पड़ती दिखती है, राजनीति उसकी दरार को और बढ़ाने के लिए आगे आ जाती है। जातीय समूह भी अपने पारंपरिक भाईचारे को भूल अपने पड़ोस के ही जातीय समुदाय के खिलाफ राजनीति की ओर से पकड़ाई गई तलवार लेकर निकल पड़ते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में आखिरकार सामाजिक ताना बाना ही छिन्न–भिन्न होता है। हालांकि हर राजनीतिक समूह इसी ताने–बाने को बनाए रखना अपना उद्देश्य भी बताता है।





## विकास दिव्यकीर्ति ने डर में शाहरुख के किरदार पर उठाए सवाल

यश चोपड़ा की फिल्मों के बारे में अक्सर चर्चा होती है। लोगों को तो खूब पसंद आती है। मगर हाल ही में जावेद अख्तर ने जब तक है जान के डायलॉग्स की आलोचना की थी। अब डॉ. विकास दिव्यकीर्ति ने भी उनकी मूवी डर का जिक्र किया है और उसमें शाहरुख खान के किरदार के बारे में अपनी राय रखी है। उन्होंने उस मूवी पर अपनी चिंता जताई है और अमिताभ बच्चन की श्मर्दश का भी जिक्र किया है विकास दिव्यकीर्ति ने कहा, मर्द फिल्म आई थी, जब हम छोटे थे। कितनी गंदी बात उस फिल्म में थी कि दारा सिंह जा रहा है और बच्चा अभी पैदा ही हुआ है। शायद चाकू से उसकी छाती पर लिखा मर्द, शायद खून से लिखा मर्द। और फिर वो फिल्म क्या कहती है कि मर्द को दर्द नहीं होता। और हमारा सारा बचपन इस चक्कर में गुजर गया कि दर्द नहीं होना चाहिए हमें। कितना बड़ा गधापन था। विकास दिव्यकीर्ति ने आगे कहा, 1990 के दशक में फिल्म डर आई थी जिसने पहली बार मैस्क्यूलन (मर्दानगी) लव को दिखाया। ये एनिमव वगैरह तो बहुत बाद की चीज है। उसमें शाहरुख खान है और जूही चावला है, वो मना करती है और गाना गा रहा है कि तू हां कर या न कर, तू है मेरी किरण।

## मलाइका अरोड़ा का कलेजा चीरने वाला क्रिप्टिक पोस्ट

मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टेटस पर लिखा, श्हमेशा उन लोगों पर ध्यान दें, जो आपकी खुशी के लिए खुश हैं और आपके दुख के लिए दुखी हैं। वे ही लोग हैं, जो आपके दिल में एक खास जगह के हकदार हैं।श वैसे तो एक्ट्रेस ने कैप्शन में और कुछ नहीं लिखा है, लेकिन ये पोस्ट उन्होंने तब किया है, जब अर्जुन कपूर संग उनके ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टेटस पर लिखा, हमेशा उन लोगों पर ध्यान दें, जो आपकी खुशी के लिए खुश हैं और आपके दुख के लिए दुखी हैं। वे ही लोग हैं, जो आपके दिल में एक खास जगह के हकदार हैं। बीते दिनों जब मलाइका विदेश में छुट्टियां बिता रही थीं, तब उन्होंने एक मिस्ट्री मैन की फोटो शेयर की थी। जैसे ही इस तस्वीर पर लोगों की नजर पड़ी, हर कोई दावा करने लगा कि उनकी जिंदगी में फिर से प्यार ने दस्तक दी है और वो किसी को डेट कर रही हैं।


## गोविंदा की भांजी आरती सिंह को देख लोगों ने कहा करीना कपूर प्रो मैक्स



गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। 10 दिन चलने वाले इस उत्सव को महाराष्ट्र में पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है। टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह ने भी अपने घर पर शादी के बाद पहला गणपति सेलिब्रेट किया। उन्होंने विसर्जन की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिसमें वह कभी बप्पा के साथ तो कभी सोलो फोटो क्लिक कराती दिखाई दे रही हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया जिससे लोग उन्हें करीना कपूर प्रो मैक्स बोलने लगे। ऐसा क्यों, आइए बताते हैं। दरअसल, मुकेश अंबानी ने 7 सितंबर को अपने एंटीलिया में गणेश उत्सव कार्यक्रम रखा था। इसमें बॉलीवुड के तमाम सितारों को न्योता भेजा था। अब करीना कपूर और भूमि पेडनेकर भी इस इवेंट में शामिल हुई थीं। हालांकि दोनों के आउटफिट एक जैसे ही थे। दोनों ने ही लाल रंग का चूड़ीदार सलवार–कमीद पहना था। जिसकी तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं। अब करीना कपूर जैसा ही लुक आरती सिंह ने भी कैरी किया। आरती सिंह ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें उन्होंने करीना कपूर जैसा ही लाल सूट पहना है। भारी दुपट्टा लिया है और कान में बेबो की तरह भारी–भारी झुमके पहने हैं। ये देख लोगों को फौरन करीना की याद आ गई। एक यूजर ने लिखा, करीना कपूर का लुक कॉपी कर रही हैं। एक ने कहा, करीना कपूर प्रो मैक्स। एक ने कहा, पैर में पायल डाल लेती तो ज्यादा अच्छी लगती। एक ने कहा, श्आप बहुत प्यारी हैं। हो सके तो पैर में बिछिया जरूर पहना कीजिए।

# सुशांत सिंह राजपूत का गाना 1 बिलियन पार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*यहां वो मौका ढूंढकर निकाल लाए हैं जो सुशांत सिंह राजपूत के फैन्स के लिए सेलिब्रेशन का है। ये सच है कि सुशांत के गुजर जाने का दुख कभी खत्म होनेवाला नहीं, लेकिन दूसरी तरफ उनके वो काम हैं जो ये एहसास कराते रहते हैं कि वो यहीं हमारे आसपास हैं। अपने छोटे से करियर में सुशांत ने 12 शानदार फिल्में की हैं। इन्हीं फिल्मों में से एक फिल्म का एक गाना इस वक्त इस वक्त खूब सुर्खियों में छाया है।*

**अरिजित सिंह की आवाज में मचाया है खूब धमाल**

सुशांत हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें, उनके काम और एक शानदार शख्सियत हमेशा उनके फैन्स के सात पछाई की तरह साथ है। शायद ही ऐसा कोई फिल्मी फैन हो, जिसे सुशांत से प्यार न हो और जिनका दिल उनके लिए दुखा न हो। साल 2020 में 14 जून की दोपहर को सुशांत के निधन ने हर किसी को तोड़कर रख दिया। उनके गुजरे अब चार साल बीत चुके हैं, लेकिन उनकी यादें हैं जिनसे फैन्स कभी नहीं उबर सकते।

**यूट्यूब पर लोगों के दिलों को खूब छू रहा सुशांत का गाना**

सुशांत की फिल्म का एक गाना इस वक्त यूट्यूब पर लोगों के दिलों को खूब छू रहा है। साल 2019 में उनकी ये फिल्म आई थी, नाम था श्छिछोरेश, जिसमें उनके साथ श्रद्धा कपूर भी नजर आई थीं। इसी फिल्म का एक गाना श्खैरियत पूछोश इस वक्त खूब सुर्खियों में है। लोगों का फेवरेट बन चुका ये गाना कई रेकॉर्ड तोड़ रहा।



**लोगों ने कहा- फेवरेट सॉन्ग, फेवरेट एक्टर, फेवरेट सिंगर**

इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 100 करोड़ से भी अधिक व्यूज मिल चुके हैं। सुशांत के इस गाने पर लोगों ने कॉमेंट कर यही बात कही भी है। एक फैन ने कहा– फेवरेट सॉन्ग, फेवरेट एक्टर, फेवरेट सिंगर और फेवरेट मूवी। वहीं कुछ लोगों ने लिखा है कि इसके व्यूज 1 बिलियन तक पहुंचने चाहिए। वहीं कुछ ने कहा है– मैं यहां केवल सुशांत और अरिजीत सिंह के लिए हूं।

**इस गाने की चमक यूट्यूब पर धुंधली नहीं पड़ी**

करीब 4 साल बाद भी इस गाने की चमक यूट्यूब पर धुंधली नहीं पड़ी है। हालांकि, सुशांत के और भी कई गाने हैं जिसे लोग शुरुआत से ही पसंद करते हैं। फिर चाहे उनकी फिल्म एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी के गाने हों या फिर केदारनाथ के गाने।

**इसमें आवाज दी है चहेते सिंगर अरिजीत सिंह ने**

छिछोरे के गाने खैरियत पूछो की बात करें तो इसमें आवाज दी है सभी के चहेते सिंगर अरिजीत सिंह ने। वीडियो में सुशांत सिंह राजपूत और श्रद्धा कपूर के बीच बड़ी खूबसूरत बॉन्डिंग दिखाई गई है। इस फिल्म में सुशांत और श्रद्धा के अलावा वरुण शर्मा और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को नितेश तिवारी ने डायरेक्ट किया था, जो इस वक्त रणबीर कपूर की रामायण की तैयारी में लगे हैं।

# सोहेल खान ने मिस्ट्री गर्ल को बताया है अपना सिर्फ पुराना दोस्त

*बॉलीवुड एक्टर सोहेल खान अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में हैं। उनका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दावा किया गया था कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डिनर डेट पर गए हैं। हालांकि अब एक्टर ने इन अफवाहों को खारिज किया है।*



एक्टर सोहेल खान पर्दे से तो दूर हैं। लेकिन अपनी प्रोफेशनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। उन्हें बीती रात एक मिस्ट्री गर्ल के साथ देखा गया तो चारों तरफ हल्ला हो गया कि वह गर्लफ्रेंड के साथ डिनर डेट पर गए हैं। जब वह रेस्टोरेंट से बाहर आए तो पपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद कर लिया। और दावा किया जाने लगा कि वह उनकी गर्लफ्रेंड हैं। हालांकि अब एक्टर ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है और उस मिस्ट्री गर्ल के बारे में बताया है।

**एक्टर की गर्लफ्रेंड होने का किया गया था दावा**

सोहेल खान ने इन अफवाहों को खारीज करते हुए कहा, नहीं ये सच नहीं है। वह मेरी एक पुरानी दोस्त है।श यानी एक्टर का उस लड़की से सिर्फ दोस्ती वाला रिश्ता है। ऐसे में लोगों को अब यहीं पर फुल स्टॉप लगा देना चाहिए और उनका नाम उनसे नहीं जोड़ना चाहिए। एक्टर दो बच्चों के पिता हैं। 53 वर्षीय खान ने पहले फैशन डिजाइनर सीमा सजदेह से शादी की थी। कथित तौर पर कुछ सालों तक अलग हो गए थे।

**सोहेल खान को रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया था**

सोहेल खान को 9 सितंबर की शाम रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जहां उनकी कार में बैक सीट पर वह मिस्ट्री गर्ल बैठी थी। सीमा से अलग होने के बाद ये पहली बार था, जब उनका किसी के साथ नाम जुड़ा था। हालांकि अब ये क्लियर हो गया है कि वह उनकी गर्लफ्रेंड नहीं हैं। उनके बीच कुछ भी वैसा नहीं, जैसा लोग सोच रहे हैं। हालांकि जब एक्टर का वो वीडियो आया तो लोगों ने काफी चुटकी भी ली थी और पूछा था कि क्या अब बुढ़ापे में गर्लफ्रेंड बनाएंगे।

**सीमा सजदेह का था तलाक का फैसला**

बता दें कि एक्टर ने 1998 में सीमा से शादी की थी। 24 साल बाद इन्होंने कोर्ट में तलाक के लिए फाइल किया था। सीमा ने एक पॉडकास्ट में तलाक की वजह बताई थी। कहा था कि इसका फैसला उनका था। इसके पीछे कोई दूसरी महिला नहीं थी। वह दोनों साथ खुश नहीं थे। लगातार झगड़े हो रहे थे। और इसका खामियाज बच्चों को भुगतना पड़ रहा था। इसलिए उन्होंने अलग होने का फैसला किया था।

# चंद दिनों में ही पिघल जाएगी शरीर पर जमी सारी चर्बी



**फैट कटर जूस**
आंवला के कई जबरदस्त फायदे होते हैं। आंवला, गाजर फ्लेक्स सीड्स और सब्जा सीड्स को मिलाकर बनने वाला यह जूस ब्लॉकेज या ब्लड क्लॉटिंग की समस्या को दूर कर सकता है। चूंकि यह तेजी से फैट को घटाने का काम करता है, इसीलिए इसे फैट कटर जूस भी कह सकते हैं। इस जूस को पीने से शरीर पर जमा एक्स्ट्रा फैट बहुत ही कम समय में गायब हो सकता है। इससे गुड कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ावा मिलेगा और दूसरी बीमारियों से भी बचाव होगा।

*शरीर में यदि कोलेस्ट्रहल का स्तर बढ़ता है तो कई सारी समस्याएं होने लगती है। गलत लाइफस्टाइल और कम फिजिकल एक्टिविटी इसके सबसे बड़े कारण होते हैं। कोलेस्ट्रॉल ब्लड में पाए जाने वाला मोम जैसा पदार्थ होता है जो शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। इसका काम नए सेल्स बनाना और बहडी की कोशिकाओं को हेल्दी रखना होता है, लेकिन इसका लेवल बढ़ने पर दिल से जुड़ी बीमारी हो सकती है।*

**पोषक तत्वों से भरपूर जूस**
शरीर की चर्बी घटाने के साथ इस जूस को पीने से आपको भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी मिलेंगे। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भी है। गाजर में विटामिन ए के साथ सी और के भी होता है। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। वहीं फ्लेक्स सीड्स और सब्जा सीड्स नसों को क्लियर करने का काम करते हैं। इनमें कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं।

**इम्यूनिटी भी होगी मजबूत**
यह जूस पोषक तत्वों से भरपूर है इसलिए यह इम्यूनिटी को मजबूत करने का भी काम करेगा। इसके सेवन से आपका शरीर मजबूत होगा जिससे आप कई तरह के इन्फेक्शन और बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

**पेट के लिए फायदेमंद**
पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भी यह जूस आपके लिए बहुत ही फायदेमंद रहेगा। इसे पीने से गैस, कब्ज, एसिडिटी आदि जैसी परेशानियां दूर होगी। इसमें फाइबर है जो आपकी पाचन शक्ति को बेहतर और मजबूत बनाएगा।

**मिलेगी चमकती त्वचा भी**
स्किन के लिए भी यह जूस काफी फायदेमंद है। इसमें मौजूद आंवला एक्ने, ब्रेकआउट, ड्राइनेस, ब्लैक स्पॉट आदि जैसी स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर कर सकता है। यह स्किन के नेचुरल ग्लो को बरकरार रखने में भी मदद करता है। गाजर में कई तरह के न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो स्किन के लिए बेहद जरूरी होते हैं। कच्चा गाजर खाकर भी आप अपनी स्किन को हेल्दी रख सकते हैं।



## बिना दवा के भी कंट्रोल रहेगा बीपी और शुगर, दिमाग होगा तेज

कुछ ऐसे योगासन होते हैं जो आपकी इन्सुलिन सेंसटिविटी और सर्कुलेशन में सुधार ला सकते हैं। इसके अलावा यह स्ट्रेस को भी कम करते हैं। ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने के लिए यह सभी चीजें बेहद जरूरी होती है। यहां हम आपको 5 ऐसे योगासन बताएंगे जिन्हें आप अपने रुटीन में शामिल कर अपने ब्लड शुगर को कंट्रोल रख सकते हैं। सूर्य नमस्कार से शरीर और मन के बीच संतुलन बना रहता है। इससे तनाव कम होता है। सूर्य नमस्कार से कॉर्टिसोल के स्तर में कमी आती है। पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भी सूर्य नमस्कार किया जाता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। चूंकि इससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और स्ट्रेस कम होता है, इसलिए हमारा ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल रहता है। टेंशन को कम करने के लिए यह बहुत ही बढ़िया आसान है, साथ ही यह फोकस और बैलेंस को भी बढ़ाता है जो ब्लड शुगर रेगुलेशन के लिए बहुत ही जरूरी है। वृक्षासन रीड की हड्डी को मजबूत बनाता है। इसके अलावा यह आसन आंख, कान और कंधे के लिए भी फायदेमंद होता है। यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है। धनुरासन करने से पेंक्रियाज एक्टिव होता है जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इससे कैलोरी बर्न होती है और मोटापा भी कम होता है। चिंता और अवसाद को कम करने के लिए भी धनुरासन किया जाता है।

## लिवर को रखना है हमेशा हेल्दी तो अपनी डाइट में शामिल करें ये सब्जियां

लिवर मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। शरीर के अंदर यह सबसे बड़े आकार का अंग होता है और इसके कई सारे काम भी होते हैं। लिवर को पूरी बॉडी का पावर हाउस कहा जाता है। हम जो खाते हैं वह लिवर के जरिए ही हमारी पूरी बॉडी में बंटता है। जिस व्यक्ति का लिवर कमजोर रहता है उसकी इम्यूनिटी भी कमजोर रहती है और वह आसानी से किसी भी बीमारी का शिकार हो जाता है। लिवर को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं इस बात की जानकारी साओल हार्ट सेंटर के डॉक्टर विमल छाजेर ने अपने एक वीडियो के माध्यम से हमें दी है। उन्होंने कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताया है जिनकी मदद से लिवर को डिटॉक्सिफाई कर उसे हेल्दी रखा जा सकता है। लिवर मेटाबॉलाइज करता है, इसके अलावा यह प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मिनरल्स को स्टोर करने का भी काम करता है। यदि आपका लिवर ठीक से काम कर रहा है तो आप पूरी तरह से फिट और हेल्दी रहेंगे। लिवर सबसे बड़ा आंतरिक अंग होता है। एक वयस्क में इसका वजन औसतन तीन पाउंड होता है।

## 99 प्रतिशत लोग गलत तरीके से खा रहे हैं भीगे बादाम



लगभग हर घर में बादाम खाया जाता है और इस काम को हम हजारों साल से कर रहे हैं। लेकिन फिर भी 99 प्रतिशत लोगों को बादाम खाने का सही तरीका मालूम नहीं है। कोई इसे कच्चा खा रहा है तो कोई भिगोकर खाता है। वहीं बहुत सारे लोग इन्हें भिगोकर छिलका उतारकर खाते हैं। उन्हें लगता है कि इसके छिलके में गर्मी ज्यादा होती है। बादाम के वजन का करीब 21 प्रतिशत प्रोटीन होता है। अगर आप 100 ग्राम बादाम की गिरी खा रहे हैं तो लगभग 21 ग्राम प्रोटीन मिल जाएगा। यूएसडीए कहता है कि प्रोटीन के साथ फाइबर, एनर्जी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक, कॉपर, विटामिन ई, विटामिन ए और न जाने कितने विटामिन व मिनरल आपको इस ड्राई फ्रूट से मिल सकते हैं। बादाम को आप अपनी इच्छानुसार कैसे भी खा सकते हैं। लेकिन जब सबसे सही तरीके की बात आती है तो इसे भिगोकर खाना अच्छा माना जाता है। क्योंकि छिलके में फाइटिक एसिड होता है जो कि कुछ विटामिन या मिनरल्स को मिलने नहीं देता। भिगोने से बादाम का पाचन भी आसान बन जाता है। जब बादाम को भिगोकर रखा जाता है तो फाइटिक एसिड कम हो जाता है या निष्क्रिय हो जाता है।

# पल–पल मूड बदलने के पीछे हो सकता है ये पोषक तत्व

*मूड स्विंग के बारे में तो आपने सुना ही होगा और शायद ऐसा आपके साथ भी होता होगा। मूड स्विंग यानी मूड में आने वाला उतार चढ़ाव जैसे कभी कभी बहुत ज्यादा गुस्सा आना, कभी छोटी सी बात पर गुस्सा आ जाना और फिर खुद ही शांत हो जाना। कहा जाता है पीरियड्स आने के कुछ समय पहले महिलाओं में ऐसी समस्या होने लगती है। इसके अलावा 40 की उम्र के बाद या फिर मेनोपॉज शुरू होते ही महिलाओं के मूड में बदलाव देखने को मिलते हैं। अगर आप एक महिला हैं तो आप इन बातों को ही अपने मूड स्विंग के लिए जिम्मेदार मानती होंगी। हालांकि सच तो यह है कि कभी कभी आपके मूड में बदलाव आने का कारण आपका खाना भी हो सकता है। जी हां आप जो खाना खा रही है उसकी वजह से भी आपके साथ ऐसा हो सकता है।*

**भोजन और मूड स्विंग का कनेक्शन**
होपवे के अनुसार अच्छी फिजिकल हेल्थ के लिए अच्छा भोजन करना जरूरी होता है लेकिन खाने का असर हमारी मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। जरूरत से ज्यादा कार्बोहाइड्रेट या कार्ब का सेवन करने से मूड स्विंग की समस्या हो सकती है।

**क्या है कार्ब?**
हम जो खाते हैं उसे कैलोरी में मापा जाता है। यह कार्ब या कार्बोहाइड्रेट से अलग होता है। कार्ब तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक है जो हमारे शरीर को एनर्जी देने का काम करता है।





अनाज, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों जैसे खाद्य पदार्थों में कार्ब्स पाए जाते हैं। कार्ब्स को तीन प्रकार में वर्गीकृत किया जाता है।


**क्यों होता है मूड स्विंग?**
सिंपल कार्बोहाइड्रेट, कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट और फाइबर में हमारी बॉडी एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा सिंपल कार्बोहाइड्रेट ही यूज करती है क्योंकि यह आसानी से पच जाता है। फल, दूध और दूसरे डेयरी प्रोडक्ट्स सिंपल कार्ब के नेचुरल सोर्स होते हैं। प्रोसेस्ड और रिफाइंड शुगर जैसे सिरप, सॉफ्ट ड्रिंक, कैंडीज और टेबल शुगर में भी सिंपल कार्ब पाया जाता है। यह सिंपल कार्ब ही मूड स्विंग के लिए जिम्मेदार होते हैं।

**ज्यादा कार्बोहाइड्रेट के नुकसान**
अन्य पोषक तत्वों की तरह कार्ब्स भी शरीर के लिए जरूरी होता है। हालांकि ज्यादा कार्बोहाइड्रेट का सेवन नुकसानदायक भी हो सकता है। इससे डायबिटीज होने का खतरा बढ़ता है। ज्यादा कार्बोहाइड्रेट खाने से मोटापे की समस्या हो सकती है और यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी बढ़ाता है। ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाले भोजन हार्ट डिजीज और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती है। यह ओरल हेल्थ के लिए भी हानिकारक हो सकता है। लो कार्ब डाइट के कारण कुछ अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती है। ऐसे में इस तरह की डाइट को अपने रूटीन में शामिल करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट्स से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**अच्छे मूड के लिए फहलो करें ये डाइट**
अपने मूड को अच्छा रखने के लिए आपको अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए जिनसे आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहे और आपकी ब्रेन हेल्थ को सारे जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिले। आप ब्राउन राइस, ओट्स, फलियां आदि का सेवन करें। फैटी फिश, फ्लेक्स सीड्स और अखरोट भी आपके ब्रेन हेल्थ को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं। इनके सेवन से डिप्रेशन जैसी समस्या भी दूर होती हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां भी डिप्रेशन के रिस्क को कम करती है। यदि आप बेरीज का सेवन करते हैं तो यह आपके ब्रेन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

## एक फोटो क्लिक की गई, वहां भी राजनीति हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के स्टार रेसलर विनेश फोगाट ने दमदार प्रदर्शन किया था। लेकिन रेसलिंग में 53 किग्रा के फाइनल में पहुंचकर ओवर वेट होने की वजह से उन्हें डिसक्वालीफाई कर दिया गया था। बता दें कि ओलंपिक से डिसक्वालीफाई होने के बाद विनेश की तबियत खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें खेल गांव के पोली क्लीनिक में एडमिट कराया गया था। वहीं विनेश से वहां मिलने के लिए इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेजीडेंट पीटी उषा भी पहुंची थी। दोनों क एक फोटो खुद पीटी उषा ने सोशल मीडिया पर शेयर की थी, जब वह क्लीनिक में थी। हालांकि रेसलर ने बताया कि वो फोटो उन्हें बिना बताए खींची गई थी। हाल ही में कांग्रेस के साथ जुड़कर राजनीति में शामिल हुई विनेश का दावा है कि उन्हें पीटी उषा से कोई समर्थन नहीं मिला। विनेश ने एक स्थानीय समाचार चैनल के साथ बातचीत के दौरान कहा, मुझे नहीं पता कि मुझे वहां क्या समर्थन मिला। उन्होंने कहा, पीटी उषा मैडम अस्पताल में मुझसे मिलने आई थीं। एक तस्वीर क्लिक की गई थी...जैसा कि आपने कहा, राजनीति में बंद दरवाजों के पीछे बहुत कुछ होता है। इसी तरह वहां (पेरिस में) भी राजनीति हुई। इस वजह से मेरा दिल टूट गया।



रेसलर विनेश फोगाट का बड़ा बयान

विनेश फोगाट पीटी उषा के इस फैसले से नाराज हैं कि उन्होंने विनेश के साथ फोटो डाली और इस बात का दावा किया कि वग रेसलर के सपोर्ट में खड़ी हैं। विनेश ने कहा कि यह समर्थन दिखाने का सही तरीका नहीं था और यह केवल दिखावा था। विनेश फोगाट ने कहा, आप हॉस्पिटल बेड पर हो, जहां आपको नहीं पता कि बाहर की जिंदगी में क्या हो रहा है। आप अपने जीवन के सबसे खराब फेज में से एक में हो। उस वक्त सबको दिखाने के लिए आप मेरे साथ खड़े हो। आप बिना बताए फोटो खींच रहे हो। फिर सोशल मीडिया पे डाल के बोल रहे हो हम साथ में खड़े हैं। यह दिखावे से ज्यादा क्या था।

# बद से बदतर हो रही बाबर आजम की फॉर्म

## चैंपियंस कप से पहले क्लब बॉलर ने किया आउट

**क्रिकेट**

20 गेंद पर बनाए 20 रन, इंग्लैंड के खिलाफ अगली सीरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के वनडे और टी20 कप्तान बाबर आजम की फॉर्म काफी खरा है। उनके बल्ले से रन निकल ही नहीं रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में उन्होंने 64 रन बनाए। एक पारी में तो वह जीरो पर आउट हुए तो एक पारी में जीरो पर जीवनदान मिला। उससे पहले टी20 वर्ल्ड कप में बाबर का बल्ला फेल रहा और पाकिस्तान पहले राउंड से ही बाहर हो गई थी।

पाकिस्तान में घरेलू वनडे टूर्नामेंट चैंपियंस कप शुरू होने वाला है। इसमें देश के सभी प्रमुख खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बाबर आजम का नाम भी इसमें शामिल है। टूर्नामेंट



शुरू होने से पहले बाबर आजम प्रैक्टिस मैच में उतरे। यहां भी उनका बल्ला शांत रहा। क्लब के बॉलर ने बाबर को बोल्ड कर दिया। बाएं हाथ के स्पिन की गेंद को बाबर ने पैडल स्वीप करने की कोशिश की। गेंद उन्हें छकाते हुए विकेट पर जा लगी।

बाबर आजम ने इस प्रैक्टिस मैच में 20 गेंदों पर 20 रनों की पारी खेली। वह स्टालियंस टीम का हिस्सा हैं। पाकिस्तान का कप्तान होने के बाद भी उन्होंने स्टालियंस की कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं मिली है। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस को इस टीम की कप्तानी मिली है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स को मानें तो बाबर आजम से एक बार फिर वनडे और टी20 की कप्तानी ली जा सकती है।

इंग्लैंड के खिलाफ अगली सीरीज पाकिस्तान को अपनी अगली सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेलनी है। अक्टूबर में तीन टेस्ट मैचों के लिए इंग्लिश टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी। 7 अक्टूबर से पहला मुकाबला मुल्तान में होगा। इसके बाद कराची और रावलपिंडी में मुकाबले होने हैं। हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन मैचों को श्रीलंका या यूएई शिफ्ट करने का प्लान बना रही है। क्योंकि पाकिस्तान के स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी की वजह से रेनोवेशन का काम चल रहा है।

# अफगानिस्तान बोर्ड की गलती तो बीसीसीआई क्यों हो रही बदनाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ग्रेटर नोएडा। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्टेस्ट डेब्यू अधर में लटका हुआ है। यह स्टेडियम देश का 30वां और दुनिया का ऐसा 124वां क्रिकेट ग्राउंड बनने के लिए चर्चा में आया था जहां टेस्ट मैच खेला जाने वाला था। अफगानिस्तान ने इस स्टेडियम को अपना होमग्राउंड बनाया हुआ है। न्यूजीलैंड के साथ होने वाले उसके एकमात्र टेस्ट का यह वेन्यू सोमवार और मंगलवार के दो दिनों में केवल बदइंतजामी और खराब तैयारी के कारण अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी का प्रतीक बनता नजर आया। बारिश की वजह से मैदान गिला हो गया और दो दिन की मेहनत के बाद भी सूख नहीं रहा है।

मैदान भारत में है और खराब व्यवस्थान के लिए बीसीसीआई पर सवाल उठ रहे हैं। इसके साथ ही

■दो दिन तक शुरू नहीं हो पाया अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड का टेस्ट

यूपी क्रिकेट संघ भी सवालों के घेरे में है। हालांकि कहानी कुछ और ही है। दैनिक जागरण की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई और यूपीसीए आयोजन में शामिल ही नहीं है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के साथ मिलकर मैच का आयोजन करवा रही है।

यूपीसीए के एक अधिकारी ने कहा- इस मैच को लेकर एसीबी और स्टेडियम की टीम से कई बार आधिकारिक और गैरआधिकारिक तौर पर संपर्क करने की कोशिश की गई। इतने बड़े मैच के आयोजन में कोई मदद चाहिए तो हम कर देते हैं। हम अपने क्यूरेटर और मैदानकर्मी भेज देते हैं लेकिन उनकी तरफ से जवाब ही नहीं आया। वहीं बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा कि जब एसीबी को घरेलू मैदान चाहिए था तो हमने उन्हें कानपुर, बेंगलुरु और ग्रेटर नोएडा का ऑप्शन दिया था। उन्होंने ग्रेटर नोएडा चुना। इस मैच में मेजबानी में हमलोग शामिल नहीं हैं।

स्टेडियम में काम करने के लिए ग्रेटर नोएडा के लेबर चौक से मजदूर लगा गए। रिपोर्ट की मानें तो किसी भी मैदानकर्मी के पास इस काम की ट्रेनिंग नहीं थी। जब सुपर सॉपर की जरूरत पड़ी तो यूपीसीए की याद आई। यह मैदान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधीन आता है। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने कहा कि तीन दिन पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी ने सुपर सॉपर और स्कोरर मांगे थे तो हमने उपलब्ध करवा दिए। इसके अलावा हमें किसी भी तरीके से टेस्ट में शामिल नहीं किया गया।

## कीरोन पोलार्ड ने दिखाया अपना खौफनाक रूप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंट लूसिया। वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में भी नहीं खेलते हैं। कैरेबियन प्रीमियर लीग समेत दुनिया भर की कई लीग में वह हिस्सा लेते हैं। हालांकि अब उनका प्रदर्शन पहले जैसा नहीं रहता है। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी साफ दिखती है। इस बीच सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स की कप्तानी कर रहे पोलार्ड ने अपना पुराना रूप दिखाया है। सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ मैच में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने एक ही ओवर में 4 छक्के मारे। रनचेज के 19वें ओवर में मैथ्यू फोर्ड के हाथों में गेंद थी। तेज गेंदबाज फोर्ड के खिलाफ पोलार्ड पहला गेंद मिस कर गए। दूसरी गेंद को उन्होंने बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छक्का मारा। तीसरी गेंद पर पोलार्ड ने सिंगल नहीं लिया।

## न्यूज डायरी



### पीएम मोदी ने लिखा पीआर श्रीजेश को खास लेटर, तारीफ में पढ़े कसीदे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला लेटर सोशल मीडिया पर साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नये राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे। तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चौम्पियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं।

हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लेटर में लिखा ,'मुझे विश्वास है कि नयी भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा।' उन्होंने 16 अगस्त को लिखे लेटर में कहा ,'आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और में भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं।' श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का लेटर साझा करते हुए एक्स पर लिखा ,'मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का लेटर मिला। हॉकी मेरा जीवन है और में खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिये काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिये धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।' श्रीजेश के कैरियर के बारे में मोदी ने 2014 एशियाई खेलों में उनके प्रदर्शन को याद किया। इसके अलावा रियो , तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन का भी जिक्र किया।

### 18 साल की उम्र में छा गए माइकल वॉन के बेटे, आर्ची वॉन ने बल्ले से दिखाया दम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज माइकल वॉन ने अपने करियर के दौरान काफी नाम कमाया है। वहीं अब उनके बेटे आर्ची वॉन ने काउंटी क्रिकेट में कमाल कर दिया। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से कमाल कर दिया। काउंटी में समरसेट और सरे के बीच खेले जा रहे मैच में आर्ची ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। समरसेट के कप्तान ने सरे के खिलाफ टॉ, जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में समरसेट का प्रतिनिधित्व कर रहे माइकल वॉन के बेटे आर्ची वॉन ने टीम के लिए ओपन किया। उन्होंने 107 गेंदों का सामना कर 41 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 44 रन बनाए और अपनी पारी में आर्ची ने 4 चौके लगाए। 18 साल के आर्ची वॉन ने बल्लेबाजी के बाद फिर गेंदबाजी में तहलका मचाया। उन्होंने 25 ओवर डाले जिसमें आर्ची ने सिर्फ 45 रन दिए और सरे के 3 विकेट लिए। सरे के तीनों विकेट आर्ची वॉन ने लिए। आर्ची ने रोरी बर्न्स, डॉम सिब्ले और बेन गेड्स का शिकार किया। समरसेट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 317 रन बनाए थे। टॉम बेंटन ने सर्वाधिक 132 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 1 छक्का भी लगाया।

### टेस्ट टीम में सिलेक्शन, फिर भी दलीप ट्रॉफी में खेलेंगे सरफराज खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश का पहला टेस्ट चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होना है। इसके साथ ही अभी भारत के घरेलू रेड बॉल टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी का भी आयोजन किया जा रहा है। 5 सितंबर से इसके पहले राउंड का मुकाबला हुआ था। 12 सितंबर से दूसरे राउंड के मुकाबले अनंतपुर में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी में इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी की टीम खेल रही हैं। इसमें 10 ऐसे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे, जिन्हें बांग्लादेश सीरीज के लिए चुना गया है। बीसीसीआई ने दलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मुकाबले के लिए टीमों में बदलाव किया गया। पहला टेस्ट के लिए चुने गए 8 खिलाड़ियों को दलीप ट्रॉफी से रिलीज कर दिया गया है। वहीं सरफराज खान और यश दयाल को दलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मुकाबले में बरकरार रखा गया है। सरफराज खान को रिलीज नहीं करने की पीछे वजह मानी जा रही है कि उन्हें शायद पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिलेगा। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मिडिल ऑर्डर में तीन टेस्ट खेला था। अब विराट कोहली के साथ ही केएल राहुल की वापसी हो चुकी है। पहले ही माना जा रहा था कि सरफराज को बाहर बैठना पड़ सकता है।



भूमि को विनियमित किए जाने को लेकर बैठक करते हुए गठित मंत्रिमंडल।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने दिए सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बरसात के बाद प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री आर.के. सुधांशु को निर्देश दिए हैं कि बरसात खत्म होने के साथ ही प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाए। जैसे ही बरसात समाप्त हो सड़कों के सुधार के लिए तीव्र गति से काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत सड़कों के सुधारीकरण के कार्य किए जाएं। सीएम ने कहा कि प्रदेश में बारिश के कारण जहां भी सड़कें टूटी हैं वहां प्राथमिकता से काम किया जाए।

### दुर्गम की गर्भवती महिलाओं को मिले हेली इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं का लाभ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जल्द ही एम्स ऋषिकेश से आरम्भ होने वाली ऐरो मेडिकल सर्विस के सम्बन्ध में शीघ्र ही एसओपी को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने एम्स ऋषिकेश से सभी जिलाधिकारियों, सीएमओ, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारियों व अन्य हितधारकों के साथ समन्वय कर अन्तिम रूप से एसओपी तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को प्रेशित करने को कहा है।

### विजयपुर की सड़कों को लेकर कांग्रेस ने चेताया

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम के वार्ड नंबर दो के विजयपुर की बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी है। बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों से क्षेत्र की समस्याओं का जाना। यहां लोगों ने सड़कों की वजह से हो रही परेशानी उनके सामने रखी। कांग्रेस नेता नवीन जोशी ने कहा कि विजयपुर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आता है। मोहल्ले की सड़कें इस कदर खराब हैं कि इन पर चल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

### जैन धर्म ने मनाया दसलक्षण पर्व

**संवाददाता** देहरादून। जैन धर्म के पर्वाधिराज दसलक्षण महापर्व के चौथे दिन बुधवार को विकसंत सागर महाराज के सानिध्य में जैन भवन स्थित मंदिर में पूजा के साथ संगीतमय दसलक्षण महामंडल विधान किया गया। जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान को नौ किलो का निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। विकसंत सागर महाराज ने कहा कि आज उत्तम सत्य धर्म का दिन है। जहां क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच आत्मा का स्वभाव है। वहीं सत्य संयम तप त्याग इन गुणों को प्रकट करने के उपाय हैं।

# फील्ड अधिकारियों का फीडबैक महत्वपूर्ण है: मुख्य सचिव

**निर्देश**

■ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की समीक्षा की

■ फीडबैक नोट्स 20 सितम्बर तक नियोजन विभाग को प्रेषित करने के निर्देश

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए नोडल अधिकारियों को मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं, ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, रेन्यूएबल एनर्जी तथा सर्कुलर ईकॉनोमी पर अपने फीडबैक नोट्स 20 सितम्बर तक नियोजन विभाग को प्रेषित करने की डेडलाइन दी है। इसके साथ ही सीएस ने राज्य विशेष के सम्बन्ध में नोट्स शासन को भेजने के लिए 25 सितम्बर तक का समय दिया है।

मुख्य सचिव ने सभी आईएएस, पीसीएस अधिकारियों के साथ ही विभागाध्यक्षों तथा विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए फीडबैक नोट्स बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलों में जिलाधिकारियों को फीडबैक नोट्स तैयार करते समय अपने अधीनस्थ व फील्ड अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने नीति निर्देश दिए कि विशेषरूप से नीति आयोग के आंकाक्षी जिला कार्यक्रमों के तहत आने वाले जनपदों (हरिद्वार व उधमसिंह नगर) में निम्न सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी नवंबर में माह में आयोजित होने वाली चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की दृष्टि से राज्य ने नोडल अधिकारी नामित कर दिए है। नीति आयोग द्वारा चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए निर्धारित की गई 6 थीम के अनुसार भी प्रत्येक थीम के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। राज्य के नोडल अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय नोडल मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग किया गया है। अभी तक कुल 182 फीडबैक नोट्स प्राप्त हो चुके हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नवंबर में आयोजित होने वाले चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेस की तैयारियों के सम्बन्ध में शासन एवं सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती राधिका झा सहित सभी सचिव व वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी मौजूद रहे।

### सीएस ने नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी दी

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने नमामि गंगे कार्यक्रम की इपावर्ड टास्क फोर्स की 12वीं बैठक तैयारियो के दौरान जानकारी दी कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 244.48 एमएलडी क्षमता सृजित करने के लिए 62 एसटीपी की स्थापना हेतु सीवरेज अवसंरचना की कुल 43 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 165.06 एमएलडी क्षमता वाले 42 एसटीपी स्थापित करके 36 परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा 79.42 एमएलडी क्षमता वाले 20 एसटीपी की स्थापना हेतु शेष 07 परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। एनएमसीजी एवं सीपीसीबी द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार 170 नालों की पहचान की गई है, जिनमें से 137 नालों को रोका जा चुका है, 33 नालों को रोकने के लिए विभिन्न परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा उधम सिंह नगर में कल्याणी नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए 40 एमएलडी एसटीपी के लिए डीपीआर और हल्द्वानी काठगोदाम क्षेत्र में गौला नदी में गिरने वाले प्रमुख नालों को रोकने और मोड़ने के लिए परियोजनाएं तैयार की गई हैं और मंजूरी के लिए एनएमसीजी को भेजी गई हैं।

# कार्यों की प्रगति रिपोर्ट गति शक्ति पोर्टल पर की जाए अपलोड

**बैठक**

■ पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**संवाददाता**



देहरादून। बुधवार को सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन, शैलेश बगौली की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित सचिव महोदय के कक्ष में पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सचिव महोदय द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम, उत्तराखण्ड जल संस्थान एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी नगरों का आकलन कर, यह कार्ययोजना तैयार की जाए कि किन–किन नगरों में एसटीपी और किन नगरों में एफएसटीपी की स्थापना की जानी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगर का सीवरेज अपशिष्ट बिना उपचारित न रहेइ इसे या तो एसटीपी में अथवा एफएसटीपीस्ह–उपचार (को–ट्रीटमेंट) में सेप्टेज प्रबंधन द्वारा उपचारित किया जाए। जिन नगरों में एसटीपी अथवा एफएसटीपी की आवश्यकता है, उनका विस्तृत विश्लेषण कर डीपीआर तैयार कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही राज्य में संचालित प्रगतिशील कार्यों की प्रगति रिपोर्ट गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड की जाए। सचिव महोदय ने निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाने तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही, छोटे और पर्वतीय नगरों में सेप्टेज प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जाए। इसके अतिरिक्त, एसटीपी की क्षमता का परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कौन–कौन से एसटीपी अपनी क्षमता के अनुसार कार्य नहीं कर रहे हैं, और इसका कारण स्पष्ट किया जाए। यह भी जाँचा जाए कि एसटीपी का एफ्लुएंट (उत्सर्जन) निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं।

### भूमि को विनियमित किए जाने को लेकर हुई बैठक

**संवाददाता** देहरादून। राज्य की विभिन्न श्रेणियों की भूमि को विनियमित किए जाने के संबंध में गठित मंत्रिमंडल की उपसमिति की एक बैठक का आयोजन बुधवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में किया गया।

उपसमिति के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्ग(3) ,वर्ग(4) व अन्य विभिन्न श्रेणी की सरकारी भूमि पर अवैध अध्यासियों के संबंध में चर्चा हुई। वन मंत्री को इस अवसर पर अवगत कराया गया कि इन भूमि के सम्बंध में समस्त जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई थी जिसमें दो जनपदों को छोड़कर बाकी सभी ने अपनी रिपोर्ट उपलब्ध करा दी है।

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि को विनियमित किये जाने के सम्बंध में बेहद गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाना है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।